भारत सरकार
गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग
GOVT. OF INDIA
MINISTRY OF HOME AFFAIRS, DEPTT. OF OFFICIAL LANGUAGE
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू
TOWN OFFICIAL LANGUAGE IMPLEMENTATION COMMITTEE, JAMMU
CSIR-IIIM
संयोजक : सीएसआईआर–भारतीय समवेत औषध संस्थान, नहर मार्ग, जम्मू तवी–180 001 (भारत)
Convener : CSIR-Indian Institute of Integrative Medicine, Canal Road, Jammu Tawi - 180001 (INDIA)
दूरभाष : (0191) 2569000–06 फैक्स : (0191)–2569333, 2569023 Phones : (0191) 2569000 -06 Fax : (0191) 2569333, 2569023
E-mail : amarsingh@iiim.ac.in Website : www.tolicjammu.org

संख्या/No. नराकास/जम्मू/बैठक/2013–राभा.

दिनांक/Dated : 03.12.2013

**सेवा में,**

नराकास, जम्मू के केन्द्रीय कार्यालय/बैंकों/उपक्रमों के
अध्यक्षगण/राजभाषा अधिकारी/हिन्दी अनुवादक।

**विषयः– दिनांक 28 नवम्बर, 2013 को हुई नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू की बैठक के कार्यवृत्त।**

Subject:- **Minutes of the TOLIC, Jammu meeting held on 28th November, 2013.**

**महोदय/महोदया,**

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू की बैठक दिनांक 28 नवम्बर, 2013 को अपराह्न 3.00 बजे भारतीय समवेत औषध संस्थान, जम्मू के कान्फ्रेंस हॉल में सम्पन्न हुई। बैठक के कार्यवृत्त की प्रति संलग्न है। कृपया बैठक में लिए गए निर्णयों पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित् करवाएं।

कार्यवृत्त पर यदि किसी सदस्य को कोई सुझाव देना हो अथवा उनकी कोई आपत्ति हो तो वह अपने सुझाव कार्यालय को दो सप्ताह के भीतर प्रेषित करें।

**Sir/Madam,**

The minutes of the meeting of Town Official Language Implementation Committee, Jammu held on 28th November, 2013 at 3.00 PM in the Conference Hall of IIIM, Jammu are enclosed herewith. You are requested to necessary action on the decisions taken in the said meeting accordingly.

Objections/Suggestions, if any may be intimated to this office within two weeks.

धन्यवाद/Thank you,

भवदीय,

(डॉ. अमर सिंह)
सदस्य–सचिव
(मो. ): 9858629580

**संलग्नः– यथावर्णित बैठक के कार्यवृत्त।**

**प्रतिः–**

1. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू के कार्यालय प्रमुख।
2. उपनिदेशक (कार्या.), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (दिल्ली), भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, ए–149, सरोजिनी नगर, नई दिल्ली–110023 ।
3. संयुक्त सचिव (प्रशासन), वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्, अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली–01
4. सचिव, भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, लोक नायक भवन, खान मार्किट, नई दिल्ली–110003
5. संयुक्त सचिव (कार्या.), भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, लोक नायक भवन, खान मार्किट, नई दिल्ली–03
6. भारत की सभी नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों के अध्यक्ष।

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू
# भारतीय समवेत औषध संस्थान, जम्मू

**संख्या: नराकास/जम्मू/बैठक/2013-राभा.** **दिनांक: 29.11.2013**

**नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू की छमाही बैठक दिनांक 28 नवम्बर, 2013 को सायं 3.00 बजे भारतीय समवेत औषध संस्थान, जम्मू के कान्फ्रेंस हॉल में सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त।**

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू की छमाही बैठक दिनांक 28 नवम्बर, 2013 (वृहस्पतिवार) को अपराह्न 3.00 बजे भारतीय समवेत औषध संस्थान, जम्मू के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक एवं नराकास अध्यक्ष डॉ. राम विश्वकर्मा ने की। इस अवसर पर श्री शैलेश कुमार सिंह, उपनिदेशक (कार्या.), भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय दिल्ली, श्री टोनेश चतुर्वेदी, प्रादेशिक प्रबंधक (रिटेल), भारतीय पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू, श्री एस.कालगांवकर, कार्यपालक निदेशक, एन.एच.पी.सी.लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय (क्षेत्र-1), जम्मू, श्री ए.जी.अंसारी, महाप्रबंधक, एन.एच.पी.सी. सलाल पावर परियोजना, रियासी, श्री आर.एन.मीना, मंडल यातायात प्रबंधक, उत्तर रेलवे, जम्मू, श्री सत्यप्रताप सिंह, संयुक्त नियंत्रक, रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, उत्तरी कमान, जम्मू, संस्थान के श्री अब्दुल रहीम अध्यक्ष, पी.एम.ई. एवं नराकास के केन्द्रीय कार्यालयों/बैंकों/उपक्रमों के सभी कार्यालय प्रमुख/हिन्दी अधिकारी/नोडल अधिकारी/हिन्दी अनुवादक/राजभाषा अधिकारी/ प्रिन्ट व इलैक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी संवाददाता तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित कार्यालय प्रमुखों का स्वागत डॉ. अमर सिंह, वरि. हिन्दी अधिकारी एवं सचिव, नराकास, जम्मू ने किया। उन्होंने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि इस बैठक में प्रथम अप्रैल, 2013 से 30 सितम्बर, 2013 के दौरान प्राप्त तिमाही प्रगति रिपोर्टो की समीक्षा तथा आपके कार्यालय में राजभाषा हिन्दी में किये गये कार्यो की समीक्षा एवं इससे संबंधित आपके कार्यालयों में उत्पन्न समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। संघ के विभिन्न राजकीय प्रयोजनों में इसके प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए राजभाषा विभाग प्रतिवर्ष एक वार्षिक कार्यक्रम जारी करता है, जिसके अनुसार हम कार्यालयों में राजभाषा के कार्य सम्पन्न करते हैं। चूंकि सरकारी कामकाज में मूल टिप्पण और प्रारूपण के लिए हिन्दी का ही प्रयोग किया जाए। जिसके अन्तर्गत धारा 3(3) का हम सबको अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए। यही संविधान की मूलभावना के अनुरूप होगा। सभी भारतीय भाषाएं देश की एकता की प्रतीक हैं। भारतीय संविधान में जो प्रावधान किये गये हैं इसी के अनुसार हमें आदेशों/अनुदेशों का पालन करना चाहिए और महामहिम राष्ट्रपति जी के संकल्पों का सम्मान करना चाहिए।

तत्पश्चात् बैठक में उपस्थित सदस्यों के परिचय के साथ ही बैठक की कार्रवाई आरम्भ हुई। सचिव ने गत बैठक के कार्यवृत्त पर चर्चा के दौरान कहा कि सम्माननीय सदस्यों की कोई प्रतिक्रिया, सुझाव अथवा आपत्ति हो तो वे विचार रखें, लेकिन माननीय उपस्थित सदस्यों की ओर से कोई आपत्ति एवं प्रतिक्रिया न मिलने पर सचिव ने अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन पर गत बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की।

**गत बैठक में लिए गये निर्णय और उन पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई इस प्रकार हैं:-**

1. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति मंच के माध्यम से दिनांक 13-14 मार्च, 2013 को भारतीय समवेत औषध संस्थान, जम्मू के तत्वाधान में आवास एवं नगर विकास निगम लि.(हडको) जम्मू, रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड, जम्मू, पंजाब नेशनल बैंक (मंडल कार्यालय), जम्मू तथा भारतीय स्टेट बैंक (प्रशासनिक कार्यालय) जम्मू के सौजन्य से दो दिवसीय राजभाषा सम्मेलन/भाषा कौशल/कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नराकास, जम्मू के सभी सदस्य कार्यालयों के नोडल अधिकारी/राजभाषा अधिकारी/हिन्दी अनुवादकों ने दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया और प्रतिभागियो को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिन्ह अध्यक्ष महोदय के कर कमलों द्वारा प्रदान किये गये। कार्यक्रम में व्याख्याता के रूप में डॉ.

महेशचन्द्र गुप्त, हिन्दी सलाहकार समिति, नई दिल्ली तथा श्रीकृष्ण निर्मल, शिक्षा अधिकारी, नई दिल्ली उपस्थित थे। उपस्थित प्रतिभागियों ने फीडबैक के माध्यम से अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बहुत ही उत्कृष्ट था और ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम कम से कम वर्ष में दो बार किये जाएं और इससे कार्यालयों को राजभाषा को गतिशील बनाने में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।





2. बैठक में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की गृह पत्रिका **'ज्ञानवार्ता'** अंक: 4 का संस्थान के निदेशक एवं अध्यक्ष, नराकास, जम्मू डॉ. राम विश्वकर्मा ने विमोचन किया। इस अवसर समिति के सभी सदस्य कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख उपस्थित थे।
3. वर्ष 2012-2013 के दौरान समिति के सदस्य कार्यालयों में राजभाषा नीति के श्रेष्ठ निष्पादन के लिए सदस्य कार्यालयों के 39 कार्यालय प्रमुखों को राजभाषा शील्ड एवं संबंधित राजभाषा अधिकारियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किये।
4. समिति के सभी सदस्य कार्यालयों में वर्ष 2013 के दौरान 14 सितम्बर, 2013 के उपलक्ष्य में हिन्दी दिवस/सप्ताह/पखवाड़ा तथा हिन्दी मास के रूप राजभाषा हिन्दी की प्रगति की दिशा में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन बड़े उत्साह के साथ सदस्य कार्यालयों में मनाया गया।
5. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वावधान में समिति कार्यालय भारतीय समवेत औषध संस्थान, जम्मू के द्वारा दिनांक 12.09.2013 को अन्तरविभागीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें समिति के सभी सदस्य कार्यालयों को भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया और समापन के अवसर पर अध्यक्ष महोदय ने विजयी प्रतियोगियों को प्रशस्ति पत्र व नकद राशि के पुरस्कार प्रदान किये।
6. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वावधान में भारतीय समवेत औषध संस्थान, जम्मू अध्यक्ष महोदय द्वारा दिनांक 17 सितम्बर, 2013 को सायं 4.00 बजे संस्थान के ऑडिटोरियम हॉल में भारतीय भाषाओं में अखिल भारतीय रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी सी.डी. तैयार की गयी जिसे नराकास, जम्मू की वेबसाइट www.tolicjammu.org पर उपलब्ध है।
7. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू की ई-मेल आई.डी. तैयार की गयी है।
8. इस दौरान अधिकांश सदस्य कार्यालयों द्वारा हिन्दी संगोष्ठी/हिन्दी कार्यशालाओं के आयोजन किये गये।

**नराकास, जम्मू के सदस्य कार्यालयों की गृह पत्रिकाएं जो वर्ष 2012-2013 में प्रकाशित की गयी जो इस प्रकार हैं:-**

नराकास, जम्मू की छमाही बैठक 28 अगस्त, 2013 को गृह पत्रिका **''ज्ञानवार्ता''** अंक 4 का विमोचन किया। पंजाब नेशनल बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू की गृह पत्रिका **''त्रिकुटा''**, प्रसार भारती, रेडियो कश्मीर, जम्मू की गृह पत्रिका **''तविषी''** राजभाषा गृह पत्रिका, पावर ग्रिड कारपोरेशन **'तवी प्रवाह'** वार्षिक गृह पत्रिका तथा आयकर कार्यालय, जम्मू/श्रीनगर की गृह पत्रिका **'आयकर शिखर'** तथा सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क की गृह पत्रिका **'ताज-ए-हिन्द', एन.एच.पी.सी. क्षेत्र-। कार्यालय का 'त्रिकुटा समाचार'** प्रत्रिका प्रकाशित हुई।

तदोपरान्त प्रथम अप्रैल, 2013 से 30 सितम्बर, 2013 के दौरान प्राप्त दोनों प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा का संक्षिप्त ब्यौरा सदस्य कार्यालयों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसमें विभिन्न कार्यालयों से प्राप्त प्रगति रिपोर्टें की स्थिति इस प्रकार है:-

**प्रथम अप्रैल, 2013 से 30 सितम्बर, 2013 के दौरान प्राप्त दोनों प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा:-**

<u>केन्द्रीय कार्यालय</u>

| | |
|---|---|
| 1. फ्रंटियर मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल | 2. 23 विंग वायु सेना |
| 3. पुलिस महानिरीक्षक, सेक्टर मुख्यालय, के.रि.पु.बल | 4. पुलिस उपमहानिरीक्षक, के.रि.पु.बल जम्मू रेंज |
| 5. पुलिस उपमहानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र,के.रि.पु.बल | 6. 52वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल |
| 7. 152वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल | 8. 32वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल |
| 9. 76वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल | 10. 121वीं बटालियन के.रि.पु.बल, कठुआ |
| 11. 110वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल | 12. 53वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल |

13. 135 बटालियन सीमा सुरक्षा बल
14. रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक उत्तरी कमान
15. भारतीय समवेत औषध संस्थान
16. रक्षा सम्पदा प्रधान निदेशालय
17. भारतीय सर्वेक्षण विभाग
18. क्षेत्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान केन्द्र, मीरा साहिब
19. मुख्य अभियंता सम्पर्क परियोजना
20. डी.ओ.ई.ए.सी.सी.केन्द्र
21. कार्यालय मुख्य पोस्टमास्टर जनरल
22. भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण प्रचालन (जम्मू व कश्मीर)
23. पत्र सूचना कार्यालय
24. केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग
25. क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान
26. कार्यालय महालेखाकार (हकदारी)
27. रक्षा पेंशन संवितरण कार्यालय
28. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग
29. सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्तालय
30. कोयला खान भविष्य निधि
31. केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड
32. केन्द्रीय रेशम बोर्ड, वस्त्र परीक्षण प्रयोगशाला, मीरा साहिब
33. राष्ट्रीय कैडेट कोर निदेशालय
34. क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय प्रादेशिक कार्यालय
35. कार्यालय महालेखाकार (लेखा परीक्षा)
36. क्षेत्रीय चारा उत्पादन एवं प्रदर्शन केन्द्र
37. केन्द्रीय एकीकृत एवं नाशीजीव प्रबंधन केन्द्र
38. कार्यालय आयकर आयुक्त (ज.व.क.)आयकर भवन, जम्मू/श्रीनगर
39. केन्द्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय
40. राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय
41. क्षेत्रीय तसर अनुसंधान संस्थान
42. राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान
43. विदेश व्यापार का कार्यालय
44. राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान प.हिमालय क्षेत्रीय केन्द्र
45. राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड
46. सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विकास संस्थान

**बैंक**

47. भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक
48. भारतीय स्टेट बैंक (प्रशासनिक कार्यालय)
49. बैंक ऑफ बड़ौदा
50. पंजाब नेशनल बैंक (मंडल कार्यालय) जम्मू व कश्मीर
51. आई.डी.बी.आई.बैंक, जम्मू
52. राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू

**कारपोरेशन/निगम**

53. एन.एच.पी.सी.लि., कार्यपालक निदेशक (क्षेत्र-।)
54. पावरग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
55. भारतीय जीवन बीमा निगम, मण्डलीय कार्यालय
56. सलाल पावर स्टेशन एन.एच.पी.सी.लि.ज्योतिपुरम्
57. रूरल इलैक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड
58. दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कम्पनी लि.मं.कार्या.-1
59. एअर इण्डिया लिमिटेड
60. एन.एच.पी.सी.लि.,दुलहस्ती पावर स्टेशन किस्तवाड
61. भारतीय खाद्य निगम क्षेत्रीय कार्यालय
62. भारतीय प्रसारण निगम, दूरदर्शन केन्द्र, जम्मू
63. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
64. दि न्यू इण्डिया इंश्योरेंस क.लि. मण्डल कार्यालय-।।
65. हुडको कार्यालय, जम्मू
66. भारतीय खाद्य निगम जिला कार्यालय
67. भारतीय प्रसारण निगम रेडियो कश्मीर
68. मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय दूरसंचार निगम लिमिटेड

**राजभाषा नीति कार्यान्वयन के लिए निम्नलिखित पर कार्रवाई सुनिश्चित करवाएं:-**


- प्रत्येक सदस्य कार्यालय अध्यक्ष राकास की बैठकों में धारा 3(3) के कार्यान्वयन पर चर्चा करें और इस बारे में किये गये पत्राचार के अन्तर्गत क, ख और ग क्षेत्रों में भेजे गये पत्रों की समीक्षा करें और कार्यालयी फाइलों पर मूल टिप्पण के बारे में भी कार्रवाई सुनिश्चित् करवाएं। प्रत्येक कार्यालय अध्यक्ष स्वयं की उपस्थिति में राकास बैठकें नियमित रूप से आयोजित करें तथा बैठकों में लिए गये निर्णयों पर क्रमवार अनुवर्ती कार्रवाई को प्रदर्शित करें।
- संघ के राजकीय कार्य हिन्दी में करने के लिए **''वार्षिक कार्यक्रम 2013-2014** के राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर **www.rajbhasha.gov.in** से डाउन लोड करें और इस वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए जिसमें तिमाही प्रगति रिपोर्ट के प्रोफार्मा, संसदीय राजभाषा निरीक्षण प्रश्नावली एवं धारा 3(3) का अनुपालन के संबंध में अपने समस्त स्टॉफ सदस्यों को समुचित रूप से प्रेरणा दें ।
- प्रत्येक तिमाही की हिन्दी प्रगति रिपोर्ट भेजना सुनिश्चित करें अपने प्रधान कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (दिल्ली) तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू कार्यालय को तिमाही के समाप्ति के 15 दिन के अन्दर दिल्ली कार्यालय को ऑन लाईन भिजवाना सुनिश्चित् करें।

- ❖ सहायक निदेशक, भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग हिन्दी शिक्षण योजना, 33 कर्ण नगर, जम्मू कार्यालय को हिन्दी प्रशिक्षण प्रबोध, प्रवीण, प्राज्ञ तथा हिन्दी टंकण/आशुलिपि प्रशिक्षण के लिए उनके कार्यक्रमानुसार शेष कर्मचारियों को प्रशिक्षण के लिए भेजना सुनिश्चित करें।
- ❖ **नराकास, जम्मू की बैठकों में कार्यालय प्रमुखों द्वारा अनिवार्य रूप से भाग लेना सुनिश्चित् किया जाए। जबकि संबंधित राजभाषा अधिकारी/अनुवादक, कार्यालय प्रमुखों की मदद के लिए बैठक में आ सकते हैं।**
- ❖ **कार्यालय को राजभाषा नियम 1976 के नियम 10(4) के अन्तर्गत अधिसूचित करवाया जाए तथा प्रवीणता प्राप्त कार्मिकों को नियम 8(4) के अन्तर्गत हिन्दी में काम करने के लिए व्यक्तिशः आदेश जारी किए जाएं।**
- ❖ **सभी कार्यालयों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) के अन्तर्गत आने वाले सभी 14 प्रकार के कागजात अनिवार्य रूप से द्विभाषी जारी किए जाएं।**
- ❖ **राजभाषा नियम 1976 के नियम 5 के अन्तर्गत हिन्दी में प्राप्त पत्रों के उत्तर अनिवार्यतः हिन्दी में दिये जाएं।**
- ❖ **प्रत्येक कार्यालय अध्यक्ष अपने कार्यालय में राजभाषा नीति कार्यान्वियन के संबंध में जांच बिन्दु बनाये जाएं और इसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाएं। राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित वार्षिक कार्यक्रम के लक्ष्यों को हाशिल करने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं।**
- ❖ कार्यालय में हिन्दी में प्रवीणता प्राप्त सभी कार्मिकों से हिन्दी में काम करवाना सुनिश्चित किया जाए और कार्यालय में उपलब्ध सभी कंप्यूटरों पर हिन्दी में काम करने के लिए केवल यूनिकोट आधारित प्रणाली पर कार्य सुनिश्चित किया जाए।
- ❖ **नराकास स्तर पर प्रतिमाह किसी न किसी कार्यालय द्वारा कोई हिन्दी कार्यक्रम/प्रतियोगिता का आयोजन किया जाए तथा अच्छा प्रदर्शन करने वाले कार्यालय को नराकास की अगली बैठक में पुरस्कृत किया जाए।**
- ❖ **नराकास द्वारा अपनी एक गृह पत्रिका का प्रकाशन किया जाए जिसके लिए आवश्यकतानुसार सदस्य कार्यालयों से एक निश्चित अंशदान वार्षिक आधार पर लिया जाए।**
- ❖ **किसी सदस्य कार्यालय में हिन्दी का यदि कोई पद रिक्त है तो रिक्त पदों को भरने की तत्काल कार्रवाई की जाए तथा हिन्दी के पदों के सृजन के संबंध में राजभाषा विभाग द्वारा जारी किये गए न्यूनतम हिन्दी पदों संबंधी मानदण्ड के अनुसार प्रत्येक कार्यालय में हिन्दी से संबंधित पदों का सृजन किया जाए तथा इन पदों को भरने की कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर की जाए।**
- ❖ राजभाषा के कार्यान्वियन में जानबूझकर लापरवाही करने वाले तथा संवैधानिक प्रावधानों, महामहिम राष्ट्रपति के आदेशों व संसदीय राजभाषा समिति के निर्देशों की अवहेलना करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

☞ क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार वर्ष 2012-2013 के लिए प्रविष्टियां मांगी गयी थी जिन सदस्य कार्यालयों ने प्रविष्टियां नहीं भेजी हैं। कृपया वे तत्काल **उपनिदेशक (कार्यान्वयन), उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय-1 (दिल्ली), ए-149, सरोजनी नगर, नई दिल्ली-110023** को ऑन लाइन भिजवाएं।

**बैठक में राजभाषा नीति कार्यान्वियन पर चर्चा एवं सदस्यों की प्रतिक्रियाएं उनके महत्वपूर्ण सुझाव जो इस प्रकार हैः-**

1. कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम/भाषा कौशल/राजभाषा सम्मेलन मार्च या अप्रैल, 2014 नगर राजभाषा कार्यान्वियन समिति के तत्वावधान में अन्य सदस्य कार्यालयों के सौजन्य से आयोजित किया जायेगा ।
2. समिति के तत्वावधान में एक अखिल भारतीय कवि सम्मेलन मार्च, 2014 के अन्तिम सप्ताह में सदस्य कार्यालयों के सहयोग से अन्य चुनिंदा सदस्य कार्यालयों के द्वारा प्रायोजित किया जायेगा जो पूर्व से प्रस्तावित है।
3. बैठक में नगर राजभाषा कार्यान्वियन समिति की **'ज्ञानवार्ता' चौथे अंक** का समिति के अध्यक्ष डॉ. राम विश्वकर्मा तथा अन्य गणमान्य सदस्यों के साथ विमोचन किया।




4. सदस्य-सचिव डॉ. अमर सिंह ने **ज्ञानवार्ता** के अंशदान हेतु सभी केन्द्रीय कार्यालय/बैंकों/उपक्रमों से रू.2000/-अंशदान के रूप में चैक या ड्रॉफ्ट अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वियन समिति, जम्मू Chairman, Town Official Language Implemenation Committee, Jammu कार्यालय के पक्ष में देय होंगे। जो पहले से ही प्रस्तावित है। सभी सदस्यों से अनुरोध है कि जिन सदस्य कार्यालयों ने यह अंशदान राशि वर्ष 2009-2010,

2010-2011, 2011-2012 एवं 2012-2013 के दौरान अभी तक नहीं भिजवाई है वे सदस्य कार्यालय अंशदान राशि कृपया भिजवाने की कृपा करें। ताकि समिति की गृह पत्रिका का निष्ठापूर्वक एवं उत्कृष्ट अंक प्रकाशित किये जा सके और समिति के माध्यम से राजभाषा की प्रगति में गति लायी जा सके।

5. समिति के सभी सदस्य कार्यालयों से पहले भी गत बैठकों में पत्रिका के प्रकाशन हेतु उच्च स्तरीय लेख/रचनाएं/कविताएं/कहानियां प्रकाशन हेतु मांग की जाती रही है। कृपया पत्रिका के प्रकाशन हेतु सामग्री भिजवाएं जिसे ज्ञानवार्ता के अंक: 5 में उनके लेख प्रकाशित किये जा सके। सचिव ने समिति को जानकारी देते हुए कहा कि सभी सदस्य कार्यालय अपने स्तर से प्रकाशन हेतु सामाग्री भिजवाएं। क्योंकि यह पत्रिका आप सभी के सहयोग से प्रकाशित की जा रही है और इसमें सभी सदस्य कार्यालयों के स्टॉफ सदस्य अपने लेखन सामग्री भिजवाना सुनिश्चित करें। सचिव ने कहा कि सदस्य कार्यालयों से कम संख्या में लेख प्राप्त होते हैं और प्रकाशन के लिए हम बाहर से लेख आमंत्रित करते हैं। यदि इस बारे में आपके सुझाव हो तो रखें।

6. समिति के अध्यक्ष एवं निदेशक, भारतीय समवेत औषध संस्थान, जम्मू डॉ. राम विश्वकर्मा ने समिति की वेबसाइट **www.tolicjammu.org** पर एक ब्लॉग बनाने का सुझाव दिया। इस ब्लॉग पर राजभाषा हिन्दी से संबंधित विशेष जानकारी एवं हिन्दी का महत्वपूर्ण साहित्य उपलब्ध रहेगा जो अगली बैठक में तैयार होगा।

7. हिन्दी मौलिक पुस्तक लेखन के लिए इंदिरा गांधी राजभाषा पुरस्कार हेतु राजभाषा की वेबसाइट **http://www.rajbhasha.gov.in** तथा **http://www.rajbhasha.nic.in** पर सूचना उपलब्ध है।

8. बैठक में श्री शैलेश कुमार सिंह, उपनिदेशक (कार्या.), क्षेत्रीय कार्यान्वियन कार्यालय-1 (दिल्ली) राजभाषा विभाग से प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में राजभाषा विभाग द्वारा अभिनव प्रौद्योगिकी एवं अभिनव पहल के बारे में सदस्य कार्यालयों द्वारा ऑनलाइन तिमाही प्रगति रिपोर्टें राजभाषा विभाग को भेजने संबंधी ऑनलाइन डेमो दिया। उन्होंने कहा कि अब ऑनलाइन ही आपकी तिमाही प्रगति रिपोर्टें भेजने का प्रस्ताव हैं, उन्होंने बताया कि अधिकांश सदस्य कार्यालयों द्वारा ऑनलाइन रिपोर्टें भेजी जा रही हैं और शेष कार्यालय भी ऑनलाइन ही रिपोर्ट भिजवाएं। इसके लिए उन्होंने ई-मेल आई.डी. प्रत्येक कार्यालय अपना पंजीकरण करवाएं। श्री सिंह ने कहा कि नराकास, जम्मू समिति राजभाषा कार्यान्वियन के लिए उत्तर क्षेत्र के 'ग' क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। बैठकों का आयोजन नियमित रूप से हो रहा है। राजभाषा गृह पत्रिका 'ज्ञानवार्ता' का प्रकाशन तथा समिति की वेबसाइट इस दिशा एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। समिति के तत्वावधान में सदस्यों का सहयोग उनके द्वारा कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम, अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजन आदि राजभाषा की प्रगति में अत्यधिक महत्वपूर्ण है। इसके लिए उन्होंने समिति के अध्यक्ष महोदय का आभार व्यक्त करते हुए उनका धन्यवाद किया। इसी प्रकार राजभाषा नीति के श्रेष्ठ निष्पादन के लिए सदस्यों को राजभाषा शील्ड व हिन्दी सेवी कर्मियों के लिए मैरिट सर्टिफिकेट देने का प्रस्ताव अध्यक्ष महोदय की कार्य कुशलता, उनके उत्कृष्ट प्रयासों तथा राजभाषा नीति कार्यान्वियन के लिए उनकी प्रतिबद्धता का अच्छा द्योतक है।

9. श्री उपेन्द्र कुमार मिश्र, प्रबंधक (हिन्दी), भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लि. ग्रेटर नोयडा, अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, 'कि नगर राजभाषा कार्यान्वियन समिति, जम्मू द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर राजभाषा नीति के सफल कार्यान्वियन की दिशा में सराहनीय प्रयास किये हैं। उन्होंने कहा कि कलकत्ता, मुम्बई एवं अन्य नराकास समितियों से जम्मू में अच्छे कार्य की ओर यह समिति उन्मुख है। उन्होंने कहा कि हिन्दी हमारे साथ जन्म से जुड़ जाती है। अंग्रेजी-हिन्दी के उच्चारण में कोई विशेष अन्तर नहीं है

10. श्री आर.एन.मीणा, डी.टी.एम, उत्तर रेलवे, जम्मू ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समिति के सभी केन्द्रीय कार्यालय/बैंक/उपक्रमों का एक साझा मंच है। हम सभी एकता अखण्डता, सद्भाव एवं कार्यालय स्तर पर राजभाषा नीति कार्यान्वियन एवं अपनी मात्र भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए विचार-विमर्श करते हैं। हम अधिकांशत: राजनैतिक, सामाजिक सरोकार, साहित्यिक परिचर्चाओं को अपने दूरदर्शन विविध चैनलों पर कलाकारों को सुनते हैं। इससे हिन्दी का प्रचार-प्रसार बढ़ रहा है।

11. दूरदर्शन केन्द्र, जम्मू के निदेशक श्री शवीर मुज़ाहिद ने बैठक में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हिन्दी, उर्दू, अरबी, फारसी एवं अन्य भारतीय भाषाएं जो सम्पूर्ण व्यक्ति बोली और क्षेत्रीय बोलियों का आपस में कंट्रास्ट है। जब हमारे दूरदर्शन केन्द्र, जम्मू और कश्मीर तथा अन्य इलाकों से समाचार सुनने पर भाषाओं की अलग-अलग ध्वनियां सुनने को मिलती है। उन्होंने अपने केन्द्र की भाषा संबंधी उच्चारण विधियों को प्रस्तुत किया है।

12. श्री सत्यप्रताप सिंह, संयुक्त नियंत्रक, रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (उत्तरी कमान), जम्मू ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रबुद्ध रूप से मेरे लिए यह महत्वपूर्ण है कि मैं हिन्दी के लिए कार्य करूं। मैं इस मंच

पर उपस्थित सबको धन्यवाद देना चाहूँगा कि भाषा एक औजार के रूप में होती है। जो सोचने समझने की अभिव्यक्ति का माध्यम है। भाषा हमेशा राष्ट्र निर्माण के लिए जो राष्ट्र की एकता अखण्डता को अक्षुण रखती है। आज़ादी से पहले हमारी राष्ट्रभाषा नहीं थी। यह हमारे लोकतंत्र की मजबूती के लिए सबसे बड़ा उपक्रम है।

13. श्री एस.कालगांवकर, कार्यपालक निदेशक, एन.एच.पी.सी.लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय (क्षेत्र-1), जम्मू ने बैठक में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समिति के माध्यम से सभी सदस्य कार्यालयों में राजभाषा नीति कार्यान्वयन के लिए अच्छे कार्य सम्पन्न हो रहे हैं। उन्होंने सदस्यों की उपस्थिति एवं अनुशासन व बैठक की कार्रवाई को देखकर बहुत अच्छा अनुभव किया और इसे उत्कृष्ट बताया। प्रत्येक सदस्य कार्यालयों को हिन्दी पखवाड़े/हिन्दी कार्यशालाएं/समिति की वेबसाइट/गृह पत्रिकाओं के प्रकाशन/राजभाषा की प्रगति में सराहनीय प्रयास है। उन्होंने इसके लिए अध्यक्ष महोदय का तहे दिल से आभार व्यक्त किया।

14. श्री ए.जी.अंसारी, महाप्रबंधक, एन.एच.पी.सी.लिमिटेड, सलाल पावर परियोजना, ज्योतिपुरम् ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज हिन्दी की आवाज देश के हर कोने में सुनाई देती है। हिन्दी के माध्यम से दूरदर्शन, आकाशवाणी, इलेक्ट्रॉनिक व प्रिन्ट मीडिया का आधार ही हमारी राष्ट्रभाषा हिन्दी है। भारत विविध भाषाओं का देश है उन्होंने अपने परियोजना की राजभाषा संबंधी गतिविधियों पर संक्षिप्त में अपने विचार व्यक्त किए।




15. संस्थान के निदेशक एवं नराकास, अध्यक्ष डॉ. राम विश्वकर्मा ने कॉन्फ्रेंस हॉल में उपस्थित नगर के कार्यालय प्रमुखों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों का अपने संस्थान की ओर से व नराकास मंच की ओर से सबका हार्दिक स्वागत करते हुए अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा, 'कि हमने अपने संस्थान के आई.टी. विभाग के माध्यम से समिति की वेबसाइट तैयार की है और बैठक की कार्रवाई समिति के अन्य कार्यक्रम वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगे। जो विश्व में पढ़ी जाए और इसका प्रयोग क्षेत्रीय स्तर पर भी उपलब्ध है सभी सदस्य कार्यालय ई-मेल के माध्यम से अपने कार्यक्रम भेजे अपने संस्थान की पुस्तकालय में जो पुस्तकें क्रय की गयी है। वे संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। उन्होंने एक ब्लॉग बनाने के आदेश दिये। अगली बैठक तक समिति की वेबसाइट पर ब्लॉग तैयार हो जायेगा। जिसमें साहित्य से संबंधित देश के एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट साहित्यकारों के महत्वपूर्ण जानकारी उनकी लेखन एवं रचनाएं उपलब्ध रहेंगी'। उन्होंने अगली बैठक दिनांक _____ जून, 2014 सायं _____ को आयोजित करने की तिथि निर्धारित कर उन्होंने सभी सदस्य कार्यालय प्रमुखों व उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का आभार सहित धन्यवाद किया।

अन्त में संस्थान के सदस्य-सचिव डॉ. अमर सिंह ने संस्थान के निदेशक एवं समिति के अध्यक्ष डॉ. राम विश्वकर्मा जी का धन्यवाद करते हुए कहा कि बैठक के लिए उन्होंने अपना कीमती समय दिया हम उनका हार्दिक आभार व्यक्त करते है। श्री शैलेश कुमार सिंह, उपनिदेशक (कार्या.), भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (दिल्ली), श्री ए.जी.अंसारी, महाप्रबंधक, सलाल पावर स्टेशन, श्री एस.कालगांवकर, कार्यपालक निदेशक, एन.एच.पी.सी.लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय (क्षेत्र-1), जम्मू, श्री सत्यप्रताप सिंह, संयुक्त नियंत्रक, रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, उत्तरी कमान, जम्मू, श्री आर.एन.मीना, मंडल यातायात प्रबंधक, उत्तर रेलवे, जम्मू, श्री शब्बीर मुज़ाहिद निदेशक, दूरदर्शन केन्द्र, जम्मू तथा संस्थान के श्री अब्दुल रहीम, अध्यक्ष, पी.एम.ई.प्रभाग ने बैठक में अपना बहुमूल्य समय दिया हम उनका भी आभार सहित धन्यवाद करते हैं। बैठक में उपस्थित नराकास, जम्मू के सभी कार्यालय प्रमुख एवं प्रिन्ट व इलैक्ट्रानिक मीडिया दूरदर्शन के सभी संवाददाताओं का आभार व्यक्त किया। संस्थान के सभी संकाय सदस्यों का जिन्होंने इस बैठक के आयोजन में अपना योगदान दिया और तकनीकी सहयोग के लिए अपने आई.टी अनुभाग का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया।

राम विश्वकर्मा

डॉ. राम विश्वकर्मा
अध्यक्ष
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू

अमर सिंह

डॉ. अमर सिंह
सदस्य-सचिव
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू